संख्या-22/2017/371/26-3-2017

प्रेषक,

कामता प्रसाद,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

राज्य मद्यनिषेध अधिकारी,
808 जवाहर भवन,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांकः 09 मार्च 2017

विषयः- वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-80 के आयोजनेत्तर पक्ष में मद्यनिषेध विभाग में वेतन के भुगतान हेतु बचतों के सापेक्ष पुनर्विनियोग के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-437पी0पी0/26-6/16, दिनांक-09.02.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें राज्य मद्यनिषेध विभाग में वेतन के भुगतान हेतु बचतों के सापेक्ष पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि रूपया-4,60,000/-(रूपये चार लाख साठ हजार मात्र) स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-बी-3-1497/दस-2010-100(4)-ब.मै.-टी.सी.-।।, दिनांक-21.06.2010 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में उक्त शासनादेश के आलोक में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

कामता प्रसाद
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।